तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

11 अवैध धान की बिक्री पर जिला प्रशासन सख्त

12 दिसंबर में होगी भव्य सतनाम शोभा यात्रा, समाज...




## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने सुबह जिले के डौण्डी विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केंद्र पचेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र में औषधि वितरण केन्द्र, चिकित्सक कक्ष, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर चंद्रवंशी ने उप स्वास्थ्य केन्द्र में रखे गए स्वास्थ्य संबंधी उपकरणों, दवाइयां आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को चिकित्सालय में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से एक घायल

**बालोद।** घर के सामने टहल रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद घायल व्यक्ति के बेटे ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम कचांदूर निवासी अमन सोनी ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर शाम 06.30 बजे मेरे घर के सामने मेनरोड ग्राम कचांदूर टहल रहा था, उसी समय दुर्ग की ओर से आ रही काला रंग का अज्ञात मोटर साइकिल के चालक द्वारा मेरे पिताजी को पीछे से ठोकर मारने से सिर के पीछे भाग, हाथ पैर, कमर में चोंट लगा था, जिसे ईलाज हेतु निजी अस्पताल गुण्डरदेही में प्राथमिक उपचार बाद उच्च ईलाज हेतु अस्पताल सुपेला में ले जाकर भतएँ किये है।

### महिला से बात करने पर मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** महिला से बात कर रहे व्यक्ति की उसके पति व एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 117(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देवसरा, थाना अर्जुंदा निवासी प्रहलाद देशमुख पिता तुलाराम देशमुख 41 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 27 नवंबर को अपने घर के सामने गली में काम करने के लिए निकल रहा था, उसी समय माखन निर्मलकर की पत्नी मेरे पास आकर मुझसे शिकायत करने लगी, उसी समय समय माखन और गजेंद्र मुझे गली में उक्त महिला के साथ बात करते देख लिए, पहले भी वे मुझ पर शंका कर चुके है, हमे बात करता देखकर दोनो शंका करते हुए मुझे गाली गलौच देने लगे और मुझे मोटर साइकिल से उतारकर हाथ मुक्का और अपने साथ लाये लड़की के ▶▶| शेष पेज 11 पर

# गुंडरा टोला की प्राथमिक शाला का अहाता निर्माण कार्य दो साल से अधूरा

## कागज़ों में पूर्ण बताई गई चहारदीवारी को, ग्रामीणों के अनुसार वास्तविक स्थिति खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ निर्माण की गुणवत्ता और माप का विवरण न मिलने पर जांच की मांग

गुंडरा टोला में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में महात्मा गांधी ग्रामीण राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत सरकारी विद्यालयों हेतु चारदीवारी का निर्माण कार्य आला अधिकारियों के उदासीनता के चलते दो वर्ष में भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है तो वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उक्त कार्य को कागज़ों में पूर्ण बता दिया गया है, शासकीय प्राथमिक शाला गुंडराटोला के चारदीवारी निर्माण के सूचना पटल पर निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि 4.53 लाख व निर्माण में शामिल अन्य योजना व राशि - 15वे वित्त आयोग 1.53 लाख अंकित है व निर्माण कार्य प्रारंभ 25-09-23 तथा कार्य पूर्णता की तिथि 25-11-23 लिखा गया है।

चारदीवारी निर्माण के एक छोर में शाला परिसर के बाहर तरफ पलस्तर ही नही किया गया है उस छोर में ग्रामीण का मकान होने से पलस्तर ही नही किया होगा की किसी को जानकारी ही नहीं मिलेगी , और निर्मित चारदिवारी कार्य भी ठीक से नहीं हुआ है तो वही शाला भवन के पीछे तरफ भी मैदान की कच्ची दीवाल है , जिससे लगता है की निर्माण कार्य के दरम्यान अधिकारी निरीछन करने निर्माण स्थल नही पहुंचते होंगे जिससे निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार मनमानी करते रहे ।



### कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने बताया की उक्त निर्माण कार्य में चारदीवारी का निर्माण कितना मीटर करना है इसकी जानकारी भी नही दी गई है ,निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के अधीन किसी ठेकेदार के द्वारा कराए जाने की जानकारी दी है ग्रामीणों ने उक्त निर्माण कार्य की प्राक्कलन व निर्मित चारदिवारी की जांच कराकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## निर्देश : नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 8 बजे केन्द्र पर उपस्थित होने के निर्देश

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में गुणवत्ता व सुविधाओं को सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ किसानों की सुविधा और धान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गाइडलाइन

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रों के लिए नियुक्त किए गए सभी नोडल अधिकारी प्रतिदिन सुबह 8 बजे अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत आज जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी पात्र —षकों का उनके वास्तविक रकबे के आधार पर उनकी शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए कि सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को अपने धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए बैठक एवं छांव इत्यादि के अलावा पेयजल, शौचालय आदि सभी जरूरी सुविधा भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बताते ▶▶| शेष पेज 11 पर



### रकबा समर्पण कराने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के अंतर्गत रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए किसानों द्वारा अपनी संपूर्ण धान की बिक्री करने के पश्चात उनका अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी बारदानों में अनिवार्य रूप से स्टेनशील लगाने तथा मोटा, पतला, सरना एवं आरबी गोल्ड आदि किस्मों के धान के लिए अलग–अलग स्टेक बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की सूची को भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराने को कहा। इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्रों में शामिल गांवों की वर्ष 2024–25 एवं वर्ष 2025–26 के औसत उपज को भी प्रदर्शित कराने को कहा।

# बहू से सास, ननद और पति ने की मारपीट, मामला दर्ज

## प्रेम विवाह के बाद पति-पत्नी में हुआ था विवाद

**बालोद।** अपने पति को देर रात देखने गई महिला के साथ पति व उसके घरवालो ने मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अपने पति व उसके परिवार के अन्य तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम अंगारी निवासी मालती साहू ने पुलिस को बताया कि 15 नवंबर को गांव के सोमेश साहू के साथ प्रेम प्रसंग से धमतरी तहसील ऑफिस एवं किले राम मंदिर में शादी किये थे, तब से हम दोनो पति पत्नि के रूप में रह रहे थे, इसी दौरान मेरा पति कहींचला गया जो 26 नवंबर को मुझे पता चला मेरा पति सोमेश अपने माता पिता के पास आया है, तब मै 27 नवंबर को अपने पति से मिलने उनके घर 11 बजे गई, मेरे पति सोमेश साहू, सास अर्चना साहू, ननद रेणुका साहू घर पर मिले जो मुझे देखकर किस हिसाब से आये हो बोलकर तीनो मुझे गाली देते हुए मेरे सास एवं ननंद हाथ मुक्का से मारपीट किये तथा मेरे पति सोमेश साहू ने अपने हाथ मे पकडे राड से दाहिने भुजा के पास मारकर चोट पहुचाया है।मारपीट करने से डर कर मै अपने पिता सुनेश साहू के पास आ गई, उस समय परिवार के साथ घर में सभी लोग बैठे थे, करीबन 11.30 बजे मेरी सास अर्चना साहू, ससुर गजानंद साहू एवं ननद रेणुका साहू तीनो मेरे पिताके घर आये और घर के अंदर घुसकर मुझे तथा मेरे पिता सुनेश साहू के सांथ तीनो गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, मारपीट करने से मेरे दाहिने गला के पास चोट आया है तथा मेरे ननद के द्वारा मेरे पिता को लात से मारने से वे नीचे गिर गए, गिरने पर बाये पैर टखना के पास चोट आया है।

# युक्तियुक्तकरण विवाद पर फूटा जनाक्रोश, निकाला मौन जुलूस

## विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों और नागरिकों ने एकजुट होकर जताई नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखण्ड डौंडीलोहारा में 27 नवंबर को शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण विवाद और बीईओ हिमांशु मिश्रा के विरुद्ध चल रही शिकायतों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में नागरिकों ने शांत मौन-जुलूस निकाला। इस दौरान लोगों ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराज़गी जताई और समयबद्ध कार्रवाई की मांग की। मौन-जुलूस में पत्रकारों के साथ-साथ मधुर साहित्य परिषद बालोद, तहसील इकाई लोहारा, छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा, ओबीसी महासभा तथा अन्य सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने भी आंदोलन में सहभागिता की। जुलूस में विभिन्न राजनीतिक दलों, महिला संगठनों, युवा मंचों, किसानों और व्यापारियों ने भी हिस्सा लिया। आंदोलनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चार प्रमुख मांगें रखी—संबंधित सभी फाइलों को सार्वजनिक करने, स्वतंत्र जांच समिति गठित करने, कार्रवाई की समय-सीमा तय करने और प्रत्येक शिकायत का लिखित उत्तर प्रदान करने की व्यवस्था लागू करने की मांग शामिल थी। इस संबंध में ज्ञापन एसडीएम डौंडीलोहारा को सौंपा गया। जुलूस में शामिल लोगों ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती है, तो आंदोलन आगे और व्यापक रूप लेगा।





## फायर विभाग बालोद की टीम ने दिया प्रशिक्षण

# फायर सेफ्टी ड्रिल, छात्रों ने सीखी जीवन रक्षा की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री हरि पब्लिक स्कूल खप्परवाडा बालोद में फायर विभाग, जिला बालोद के सहयोग से एक व्यापक फायर सेफ्टी एवं निकासी ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था।

ड्रिल के दौरान जिला बालोद फायर विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को आग लगने पर प्रारम्भिक संकेत पहचानने, सुरक्षित स्थान पर पहुँचने, 'स्टॉप–ड्रॉप–रोल' तकनीक तथा आग बुझाने वाले यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग का प्रदर्शन किया। साथ ही आपातकालीन नंबरों और स्कूल के निर्धारित सेफ्टी प्वाइंट्स की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्या संयोगिता सक्सेना के नेतृत्व में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ड्रिल की शुरुआत एक मॉक फायर अलार्म से हुई, जिसके बाद छात्रों और शिक्षकों ने निर्धारित निकासी मार्ग का पालन करते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुँचकर अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

स्कूल मैनेजर प्रणय कुमार देब ने फायर अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूरे कार्यक्रम की गति और व्यवस्था पर निगरानी रखी। विद्यालय प्रबंधन से तेज प्रकाश सक्सेना और नुपुर सक्सेना भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने सुरक्षा जागरूकता को विद्यालय की प्राथमिकता बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर जोर दिया। ड्रिल का समापन फायर विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा निर्देशों और जागरूकता संदेशों के साथ हुआ। विद्यालय की ओर से छात्रों को आपदा प्रबंधन के प्रति सतर्क रहने और सीखी गई तकनीकों को व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित किया गया।







**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्‌घाटन ग्राम कोलिहापुरी में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव सिखाता है। तथा घर से दूर रहकर छात्राएं सामाजिक सद्भाव एवं सामंजस्य की शिक्षा प्राप्त करते है। पर्यावरण के प्रति जागरुकता एवं स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य करते है। माध्यमिक विद्यालय की प्रधानपाठिकासुनीति दुबे ने कहा कि स्वयंसेविकाओं के माध्यम से हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों को अनुशासन की प्रेरणा प्राप्त होती है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साव ने छात्राओं द्वारा किये गये स्वच्छता, एवं अध्यापन कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा यादव ने सात दिवसीय विशेष शिविर में किये जाने वाले बौद्धिक परिचर्चा, श्रमदान, पीटी, योगा, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता जागरुकता के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कु. तृप्ति साहू, कु. टिंवकल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, ग्राम पंचायत के सरपंच ईश्वर साहू, उपसरपंच, पंच, शिक्षकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहें। विमल यादव, विजय चन्द्राकर, खुशबू साहू, कु. चंचल यादव, कु. हुनेश्वरी कीसहभागिता रही।

### डाटा सेंटर में अधिकारियों ने दिलाई शपथ

**दुर्ग।** नपानि आयुक्त सुमित अग्रवाल के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों ने नगर निगम के डाटा सेंटर एवं निगम कार्यालय कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना के बारे में जानकारी दी और राष्ट्र की एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।
26 नवंबर 1949 को संविधान अपनाया गया था, जिसे हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। सामूहिक रुप से संविधान की प्रस्तावना की जानकारी दी।

# सड़क डामरीकरण की गुणवत्ता पर महापौर अल्का ने दिए सख्त निर्देश

## 50 लाख से अधिक लागत के डामरीकरण कार्य का महापौर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ वार्ड 36 एवं 53 में जारी डामरीकरण एवं बीटी रिपेयर सड़क कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

■ गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण सड़क निर्माण सर्वोपरि

इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और मजबूती की जानकारी ली। वार्ड 36 में पानी टंकी से मेन रोड तक पुलिस ग्राउंड के पास लगभग 20 लाख की लागत से हो रहे बीटी रिपेयर डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। वहीं वार्ड 53 में न्यू आदर्श नगर, ज़ोन 3 मार्ग 8 कात्यायनी मंदिर गेट से मुकेश दिल्लीवार के घर तक 39 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया गया।

महापौर बाघमार ने कार्यस्थल पर सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग एवं दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अच्छी और मजबूत सड़कें नागरिकों की सुगमता एवं सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक हैं, इसलिए गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### नालियों व जल निकासी व्यवस्था बनाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर व आयुक्त ने सड़क की ढलान, जॉइंटिंग, सब-बेस क्वालिटी सहित नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उप अभियंता हरि शंकर साहू, विकास दमाहे सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## वार्ड परिक्रमा : समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# वार्ड 22 कुरुद बदहाल, नालियां जाम, सड़कें टूटी हुईं, हर तरफ गंदगी, नहीं दे रहे ध्यान

## नागरिक हर रोज झेल रहे हैं परेशानी, शिकायत का भी असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन 2 के वार्ड 22 कुरूद में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। नालियों पर कब्जा, महीनों से सफाई न होना और सड़कें टूटने की वजह से लोग रोज परेशानी झेल रहे हैं। चंदूलाल चंद्राकर मार्ग की हालत सबसे खराब है। नालियां जाम हैं और गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। कई इलाकों में बदबू से रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने इन मूलभूत समस्याओं से जल्द निजात दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

कुरूद बस्ती वार्ड में लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परिशानियों से जूझ रहे हैं। कहीं जर्जर सड़क, कहीं बजबजाती नालियां तो कहीं अवैध कब्जों ने वार्ड वासियों का जीना दूभर कर दिया है।

यह समस्याएं रातों रात उत्पन नहीं हुई। लंबे समय से देखरेख के अभाव में यह स्थिति निर्मित हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। वार्ड की पार्षद महिला हैं, लेकिन लोगों का आरोप है कि पार्षद के बजाय उनके पति ही सारा कामकाज देखते हैं। पार्षद अक्सर दिखाई नहीं देतीं और समस्याएं जस की तस पड़ी रहती हैं। कुरूद बस्ती के दूसरे हिस्से में नाली नहीं होने से पानी सीधे खेतों में जा रहा है। इससे किसानों को भी नुकसान हो रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कुछ महिलाएं कलेक्टोरेट तक पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुकी हैं, लेकिन नाली निर्माण और अवैध कब्जों को हटाने की दिशा में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। वहीं ढांचा भवन दुर्गा मंदिर प्रांगण में शाम होते ही असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहा है। लोगों ने पुलिस गश्ती की मांग की है। वार्ड के लोगों ने महिला पार्षद पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की है।



नाली का गंदा पानी नकटा तालाब में मिल रहा है।



दुर्गा मंदिर प्रांगण के पास सड़क बहता गटर का पानी, आवाजाही बंद।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

दुर्गा मंदिर प्रांगण के पास रहने वाले लोगों का धैर्य अब टूट चुका है। सकीना और अन्य महिलाओं ने बताया कि नालियों पर अवैध कब्जा इतना बढ़ गया है कि पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। वर्षों से यही हालत है। पानी जमने से सड़क गटर जैसी बन गई है और आवाजाही बंद हो चुकी है। महिलाएं कई बार शिकायत कर चुकी हैं। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद निगम की टीम तो पहुंची, लेकिन सिर्फ देख कर लौट गई। काम आज तक शुरू नहीं हुआ। वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही नाली, सफाई और सड़क नहीं सुधरे तो इस बार चुनाव में मतदान से दूरी बनाकर विरोध दर्ज करेंगे।



खम्हरिया जानी वाली मुख्य मार्ग जर्जर।

### खेतों में जा रहा नाली का पानी

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल अस्पताल जाने वाला रास्ता इतना खराब हो चुका है कि उसे देख कर ही पता चलता है कि यहां विकास की कोई परवाह नहीं की गई। सड़क-जगह जगह से टूट चुकी है। उबड़ खाबड़ सतह पर पैदल चलना भी मुश्किल है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। एंबुलेंस तक धीरे चलने को मजबूर है। समस्या सिर्फ सड़क की नहीं है। थोड़ी दूरी के बाद नाली ही गायब हो जाती है। इसकी वजह से गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है। कई जगह पानी खेतों की ओर बह रहा है, जिससे किसान भी परेशान हैं। धूल की समस्या अलग है। आसपास रहने वाले लोग रोज धूल खा रहे हैं। लगातार उठने वाली धूल और जाम नालियां पूरे इलाके की हालत और खराब कर रही हैं। वार्डवासी जल्द से जल्द सड़क और नाली निर्माण की हैं। **-अनिता साहू,** पार्षद वार्ड 22 कुरूद बस्ती

# नेशनल लोक अदालत की तैयारियां शुरू, वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के साथ हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला एवं सत्र न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों एवं उनके अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य लंबित वसूली प्रकरणों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत चेक बाउंस के प्रकरणों के प्रभावी निराकरण, आपसी सहमति से समझौता प्रक्रिया को बढ़ावा देने तथा लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के समाधान को सुनिश्चित करना था। न्यायाधीशों ने कहा कि जिन प्रकरणों में समझौते की संभावनाएं हैं, उनमें पूर्व तैयारी कर समझौता प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए, पक्षकारों से समन्वय स्थापित कर उन्हें लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। छोटे ऋण, वाहन ऋण, उपभोक्ता ऋण एवं अन्य वसूली संबंधी मामलों में लचीला दृष्टिकोण अपनाते हुए यथासंभव समझौते की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए तथा लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों की सूची समय से न्यायालय को उपलब्ध कराई जाए। फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों एवं अधिवक्तागण ने उक्त बैठक में इस संबंध में आश्वत किया कि वे लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों को निराकरण हेतु प्रस्तुत करेंगे तथा समझौता प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्याय प्रदान करने का एक सहज एवं सुलभ माध्यम है, जिसके माध्यम से पक्षकार कम समय एवं न्यूनतम खर्च में अपने विवादों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि इस बार भी अधिक संख्या में मामलों का निराकरण कर न्यायपालिका की इस जनहितकारी पहल को सफल बनाया जाएगा। अंत में बैठक का समापन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव, विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के अधिकारीगण एवं उनके अधिवक्तागण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण, न्यायालय एवं प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

■ मुख्य न्यायाधीश ने ली लंबित मामलों की जानकारी

# सुराना कॉलेज में एनसीसी दिवस मनाया



**दुर्ग।** सेठ आरसीएस आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में एनसीसी दिवस का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि वीरेंद्र शुक्ला शासी निकाय अध्यक्ष दाऊ ररु प्रसाद विद्यालय थे । मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि ने एनसीसी के महत्व एवं उसकी विशेषताओं के बारे में कैडेटों को बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीसी एकता, अनुशासन एवं नेतृत्व के प्रतीक को दर्शाता है। इसके पश्चात कैडेटों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। एकता के प्रतीक स्वरूप सभी राज्यों की विशेषताओं को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के एनसीसी सीटीओ पवनदीप कौर, दाऊ ररु प्रसाद विद्यालय से कैप्टन पूनम बघेल, आदर्श कन्या स्कूल से कैप्टन ममता एवं 85 से अधिक एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे ।

### डीयू में संविधान दिवस पर लिया संकल्प

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं शपथ ग्रहण से हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान में निहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। प्रो. तिवारी ने कहा कि कहा कि अधिकार के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्य का पालन पहले करना चाहिए यदि हम अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते है।

# लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर व निर्बल के बल हैं गांधी के राम : रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गांधीवादी विचारक और सामाजिक चिंतक रघु ठाकुर सोमवार को भिलाई प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान दशहरा मैदान रिसाली स्थित योग परिसर में गांधी जी के राम विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

■ दशहरा मैदान रिसाली योग परिसर में कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी समतामूलक समाज लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर व निर्बल के बल थे। उन्होंने राम भरत के संवाद को लेकर बताया कि श्री राम अपने राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना करना चाहते थे, और प्रजा में कोई भुखमरी ना हो कानून व्यवस्था बनी रहे एक दूसरे को समान रूप से देखने की बात कही, राजा के अंदर आलोचना को भी सुनने का गुण होना चाहिए और उसे दूर करना चाहिए गांधी अपनी आलोचना सुनते थे और उसे पर प्रति उत्तर भी करते थे।उन्होंने महात्मा गांधी और उनके आश्रम में हुए एक घटना को लेकर कहा कि कस्तूरबा गांधी ने अपने पुत्र मोह में अन्य शिष्यों को छोड़कर अपने पुत्र को घी दे दिया इस बात की शिकायत महात्मा गांधी से की गई तब उन्होंने कस्तूरबा को दंड दिया।

गांधी प्राकृतिक चिकित्सा के पक्षधर थे। तुलसीदास की चौपाइयों को याद करते हुए बताया दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि ब्यापा, प्रजा को इन तीन कासन से दूर रहना चाहिए यह राजा का कर्तव्य होता है। उक्त अवसर पर तरुणा देशमुख,टीनल हरदेल,श्याम राय,सुरेंद्र कुमार साहू,ऋषि प्रसाद देशमुख, लीलेश्वर देशमुख,दुर्ग जिला अध्यक्ष तोरन लाल देशमुख, कुंवर सिंह देशमुख चुनेश्वर साहू, एसके गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## संविधान दिवस 2025 पर अमृत सरोवरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित

# एक प्रण, जल संरक्षण के लिए लोगों को भी करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संविधान दिवस पर जिले के मनरेगा श्रमिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजन ने अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। सभी ने एक प्रण जल संरक्षण की शपथ लेते हुए सरोवर की साफ-सफाई में श्रमदान किया। तटों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिले में मनरेगा के अंतर्गत अब तक 123 अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं, जिनमें जनपद पंचायत धमधा 50, दुर्ग 36 और पाटन 37 शामिल हैं। इन सरोवरों के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ वृक्षारोपण, सिंचाई, सब्ज़ी उत्पादन एवं मत्स्य पालन जैसी आजीविका गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं मूल्यों पर चर्चा की गई। युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा सामूहिक गाद निकासी, पौधारोपण और स्वच्छता गतिविधियों में सभी ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





### पंचायतों में अलग-अलग कार्यक्रम जागरुकता का दिया संदेश

जिले के अलग-अलग पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जागरुकता का संदेश दिया गया। धमधा के ग्राम पंचायत खैरझिटी में सरपंच ढालेश्वरी वर्मा, सचिव रूपेश वर्मा, पूर्व सरपंच मोतीराम वर्मा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। वहीं पाटन के सिकोला में सरोवर नवीनीकरण कार्य एवं जल संरक्षण गतिविधियों में सरपंच गीतेश्वरी सपहा, सचिव दिनेश साहू, जनप्रतिनिधि लोकेश बंछोर, ललित साहू, मोतीराम सपहा, जितेंद्र ठाकुर मौजूद थे। कोलिहापुरी शीतला तालाब में सरपंच ईश्वर प्रसाद साहू, सचिव श्री निमेष भोयर, जनप्रतिनिधि पूना राम साहू की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। संविधान दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और सामुदायिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

# कन्या महाविद्यालय में क्रिएटिव कार्नर का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्ग निर्देशन में स्टूडेंट क्रिएटिव कार्नर का शुभारंभ किया गया । उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश के अनुसार क्रिएटिव कॉनर की स्थापना किया जाना है, यह एक ऐसा स्थान है जहां छात्रा अपनी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभाओ की विकसित कर सकते है जैसे किकला, शिल्प, संगीत, नृत्य, लेखन एवं डिजिटल कार्य आदि। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के अनुसार छात्राओ को पढ़ाई के दवाब से दूर अपने शौक पूरे करने नए विचारों का आदान प्रदान करने और अपनी कल्पनाशीलता को निखारने का एक मंच प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में ही, एक स्थान क्रिएटिव कॉर्नर है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि छात्र रचनात्मक उद्योग में नए अनछु, दृष्टिकोण लेकर आते है, नवीनतम रूझानो, तकनीको और सांस्कृतिक बदलावो में डूबे युवा कला, डिजाईन और नवाचार को दुनिया के दृष्टिकोण से प्रभावित करने की एक अनुठी स्थिति में होते है। वे नए विचार लाते है, पुरानी धारणाओ को चुनौती देते है और अभिनव समाधान प्रस्तुत करते है। इन विचारो को विकसीत करने के लिए महाविद्यालय एक आर्दश वातावरण है। विविध संसाधनो और प्राध्यापको के मार्गदर्शन तक पहुॅच के साथ छात्र अपने कौशल की निखार कर सकते है एवं मौलिकता के महत्व और रचनात्मक समस्या-समाधान की शक्ति सीखते है। इस अवसर पर प्रदर्शन कला विभाग द्वारा अनुठी एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद अमृत फले एवं मूर्तिकला विभाग की तृप्ति खरे चित्रकला विभाग की रोशनी साहू एवं नृत्य विभाग की सृष्टि मन्ना के सहयोग से की गई जिसमें बड़ी संख्या मेंछात्राओ ने भागीदारी दी।

■ छात्राओं ने रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन



# प्रधानमंत्री आवास योजना : बालोद की घोटिया आवास चौपाल से लाभार्थियों को नई दिशा

## सीईओ ने अप्रारंभ और निर्माणाधीन आवासों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्ण करने के निर्देश दिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के सुदूर वनाचंल क्षेत्र घोटिया में आज प्रातःकालीन आवास चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजण तथा प्रधामनमंत्री आवास योजना के लाभाथएँ उपस्थित थे। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने नवीन स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ कराने को कहा। इसके साथ ही निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। उन्होंने हितग्राहियों को उक्त निर्माणाधीन आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोखता गढ्डा का निर्माण करने तथा पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने लाभार्थियो के आवास निर्माण संबंधित समस्याओ को संज्ञान में लेते हुए उनके समाधान हेतु संबंधित अमलों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके साथ ही सीईओ चंद्रवंशी ने डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पचेड़ा के हितग्राही सुरेश कुमार, ग्राम पंचायत पटेली के हितग्राही प्रीति बाई, यस कुमार, टिका राम, राज बाई व दुरपत बाई तथा ग्राम पंचायत पेण्ड्री के हितग्राही जागेश्वरी बाई एवं शाम बाई के आवासों का निरीक्षण कर लाभार्थियो से चर्चा की। उन्होंने अप्रारंभ आवासो को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा सहित अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केन्द्रों का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बालोद**। अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र रेंगाडबरी एवं भंवरमरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्र, ऑनलाईन टोकन के अलावा धान खरीदी केन्द्र के मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्र में केवल साफ–सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने किसी भी स्थिति में कोचियों एवं व्यापारियों से अवैध धान की खरीदी के रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। अपर कलेक्टर लकरा ने धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी, प्राधिकृत अधिकारी एवं निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी केन्द्र में सुबह जल्दी पहुँचकर धान खरीदी का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक, निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

### जल संचय जनभागीदारी 2.0 से भूजल संवर्धन



**बालोद**। जल संचय जन भागीदारी 2.0 के तहत बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनसहभागिता से निरंतर ही कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उक्त कार्य से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सभी की सहभागिता से बेहतर कार्य सुनिश्चित करें। जिससे जिले के भूजल स्तर में वृद्धि हो तथा जल संकट की समस्या उत्पन्न न हो। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया में स्थित नाला में जनसहभागिता से बोरी बंधान का कार्य किया गया। इससे नाला में पानी का ठहराव होगा, जिससे आसपास के भूजल स्तर में बढ़ोतरी होगी। बोरी बंधान कार्य के दौरान ग्राम के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, जनपद पंचायत डौण्डी के सीईओ डीडी मंडले सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान की फसल पंजीयन प्रक्रिया शुरू

**बालोद**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ 2024–25 से प्रारंभ किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025–26 दलहन (अरहर, उड़द, मूंग) एवं रबी 2026–27 में दलहन, तिलहन फसल का कृषकों द्वारा समिति के माध्यम से 01 दिसंबर 2026 से 28 फरवरी 2026 तक किए जाने का प्रावधान किया गया। उक्त फसल उपार्जन हेतु कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा इसका प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति सांकरा (ज), निपानी, लाटाबोड, पीपरछेडी, फागूनदाह, गुरूर, सनौद (पलारी), डौण्डी, चिखलाकसा, डॉडीलोहारा, सुरेगांव, देवरी, नाहंदा, गुण्डर्देही, अर्जुन्दा, भाठागांव (ब), कसौदा का उपार्जन केन्द्र अधिसूचित किया गया है।

**मंजूरी : सीडीपी और राज्य योजनाओं के तहत सड़क, उद्यान, टीन शेड सहित कई परियोजनाओं को मंजूरी**

# नगर पंचायत में स्वीकृत हुआ 4.4 करोड़ का विकास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष विजय सोनकर, सीएमओ किरण पटेल, व पार्षद उपस्थित थे। सामान्य सभा में नगर के चहुंमुखी विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार–विमर्श कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। सामान्य सभा में कुल 4 करोड़ 40 लाख से अधिक के प्रस्तावों को कलेक्टर बालोद को भेजा गया है।

जिसमे सीडीपी प्लान अधोसंरचना मद से 2 करोड़ 15 लाख के विकास कार्यों की कार्य योजना को स्वीकृति मिली। इसमें टीन शेड निर्माण, उद्यान विकास, चौक निर्माण, बाउंड्रीवाल और तालाब सौंदयऍकरण जैसे र्ण कार्य शामिल हैं। राज्य प्रवर्तित योजना के तहत 1 करोड़ 50 लाख का प्रस्ताव सी.सी. रोड और नाली निर्माण के लिए भेजा गया है। पर्यावरण उपकरण और अन्य कार्य हेतु 1 करोड़ का प्रस्ताव पर्यावरण उपकरणों के लिए भेजा गया, जिसमें पानी टैंकर, ई–रिक्शा और हाईमास्क लाइटें शामिल हैं। मर्चुरी की मरम्मत के लिए 6 लाख का प्रस्ताव। दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार की प्रतिमा के सामने टीन शेड निर्माण एवं सौंदयऍकरण के लिए 7 लाख का प्रस्ताव भेजा गया।

महत्वपूर्ण प्रशासनिक और जनहितैषी निर्णय के तहत प्लेसमेंट कर्मचारियों की दर स्वीकृति वर्ष 2025–26 के लिए प्लेसमेंट कर्मचारियों की न्यूनतम दर ठेकेदार को टेंडर देने निर्णय लिया गया। व्यापार अनुज्ञापन नियम 2025 नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सभी दुकानों के लिए लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा। सामाजिक सहायता पेंशन, विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन के लिए प्राप्त पात्र आवेदन पत्रें को स्वीकृति प्रदान की गई। सब्जी मंडी नीलामी दैनिक सब्जी मंडी में वाहन स्टैंड शुल्क वसूली के लिए 2 लाख 40 हजार की प्रारंभिक बोली से नीलामी शुरू की जाएगी, और उच्चतम बोली को टेंडर दिया जाएगा।

मामले पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बैठक में अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास के तहत 26 हितग्राहियों के अंतिम किश्त का भुगतान तत्काल करने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया गया। साथ ही, स्वीकृत आवासों के लिए भवन अनुज्ञा और कार्य आदेश शीघ्र जारी करने को कहा गया। नगर पंचायत क्षेत्र में खराब पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों और हाई मास्क लाइटों को तत्काल ठीक करने तथा संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देने के निर्देश दिए गए।



### ठेकेदार को काम जल्दी शुरू करने के दिए निर्देश

वार्ड 12, 13 मे 52 लाख की लागत से रोड पर फुटपाथ निर्माण के ठेकेदार को काम जल्दी शुरू करने का निर्देश दिया गया। ऐसा न करने की स्थिति में टेंडर निरस्त कर नया टेंडर जारी करने की बात कही गई है। पार्षद सलीम खान और फैज बख्श सहित वार्ड 6, 8, 9 और 13 के पार्षदों द्वारा अपने वार्डों के लिए दिए गए बाउंड्री वॉल एवं अतिरिक्त विकास प्रस्तावों को शासन को भेजे जाने वाले प्रस्तावों में शामिल किया गया। बैठक मे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। हर वार्ड में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किए जाएं। हमारा लक्ष्य है कि इन सभी स्वीकृत प्रस्तावों को समय पर पूरा कर गुण्डरदेही को एक स्मार्ट और मॉडल नगर के रूप में जाना जाए।

# अवैध धान की बिक्री पर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में धान के अवैध खरीदी बिक्री के रोकथाम हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिससे कि राज्य शासन के मंशानुरूप बालोद जिले में केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके।

इसके साथ ही कोचियों, व्यापारी एवं अवैध धान विक्रेताओं की धान की खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। इसके अंतर्गत आज 28 नवंबर तक कृषि उपज मण्डी सहित राजस्व, खाद्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा बालोद 89 लाख 90 हजार 420 रूपये की राशि के 04 हजार 585 क्विंटल से अधिक धान जब्त की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार आज कृषि उपज मंडी एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिपरा के फुटकर व्यापारी ऐशुराम जामड़े द्वारा अपने चचेरे भाई के घर में रखे गए 12 लाख 23 हजार 600 रूपये कीमत के कुल 644 क्विंटल तथा पवन कुमार सिन्हा द्वारा अपने परिचित के अन्य व्यक्ति के घर में रखे गए 88 हजार रूपये के कीमत के कुल 40 क्विंटल धान जप्ती की कार्रवाई की गई।



**कलेक्टर के निर्देश पर लगातार हो रही है अवैध धान की जब्ती–** कलेक्टर के निर्देशानुसार बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत अब तक अवैध धान विक्रेताओं, कोचियों तथा थोक एवं फुटकर धान व्यापारियों पर की गई कार्रवाई के अंतर्गत 10 नवंबर को 147.2 क्विंटल, 15 नवंबर को 15.20, 17 नवंबर को 236 क्विंटल, 18 नवंबर को 286.4 क्विंटल, 19 नवंबर को 374.4 क्विंटल, 20 नवंबर को 95 क्विंटल, 21 नवंबर को 1935.2 क्विंटल, 22 नवंबर को 320.46 क्विंटल, 23 नवंबर को 24 क्विंटल, 25 नवंबर को 443.22 क्विंटल, 26 नवंबर को 08 क्विंटल, 27 नवंबर को 16 क्विंटल तथा आज 28 नवंबर को 684 क्विंटल अवैध धान की जप्ती की कार्रवाई की गई है।

# जिपं सीईओ ने किया पीएम आवास व निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के दूरस्थ ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत बोडेऩा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामणी के हितग्राही अजय कुमार, कांति बाई, प्रेमी बाई, सुमन बाई, तेजराम, भामा बाई साहू एवं महेश्वरी लोहार तथा ग्राम बरबसपुर, जेवरतला एवं सिब्दी के हितग्राहियो घनश्याम, बालेश्वर, नोहरी बाई, नेमी चंद, गीता बाई से चर्चा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ कराने तथा निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा गया। इसके साथ ही लाभार्थियों को उक्त निर्माणाधीन आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोखता गढ्ढा के निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया।

सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत बोड़ेना एवं जेवरतला में पीएम आवास अंतर्गत स्वीकृति के विरूद्ध आवास प्रारंभ नहीं होने से गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायक को समस्त अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें हर संभव मदद करने तथा अप्रारंभ आवासों का निर्माण 1 सप्ताह के भीतर प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखण्ड समन्व्यक, तकनीकी सहायक एवं अन्य विभागीय अमलों को आवास चौपाल लगाकर योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन–मानस में जागरूकता लाते हुए स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत बोड़ेना एवं जेवरतला के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। इसके साथ ही ग्राम जेवरतला के शासकीय स्कूल का निरीक्षण कर विद्यार्थियो से चर्चा भी की। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा सहित अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### कलेक्टर ने धान...

हुए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लारपवारही बरतने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध एस्मा के तहत कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

**धान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान-** बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी केन्द्र के संपूर्ण व्यवस्थाओं का समुचित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की ही खरीदी सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अस्वच्छ, गीले धान की खरीदी न कराई जाए। मिश्रा ने कहा कि किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान को नमी मापक यंत्र के माध्यम से मापने के उपरांत धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमी होने पर किसी भी स्थिति में उस धान की खरीदी नही कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान में नमी की प्रतिशत एकदम कम होने पर भी उस धान की समुचित जाँच करने को कहा। जिससे कि व्यापारियों और कोचियों के पुराने धान की खरीदी न हो सके। कलेक्टर ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में गुणवत्तायुक्त एवं साफ–सुथरे धान की खरीदी सुनिश्चित कराने हेतु गेट पास जारी करते समय धान की समुचित जाँच की व्यवस्था कराने को कहा। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को सुबह धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचने के उपरांत प्रतिदिन गेट पास, ऑनलाईन–ऑफलाईन टोकन की स्थिति, किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान की गुणवत्ता आदि का नियमित रूप से जाँच करने के निर्देश दिए हैं।

### महिला से बात...

डण्डा से गजेंद्र मुझसे मारपीट करने लगा।

झगड़ा लड़ाई को सुनकर मेरी पत्नि डिलेश्वरी बाई और मेरी पुत्री मिनाक्षी दोनो बीच बचाव करने के लिए आये उनको भी दोनो ने हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट किये है। मारपीट करने से मुझे बाये भुजा, बाये हाथ, चेहरे व दाहिने जांघ, पीछे पीठ में चोट आया है, तथा मेरी पत्नी के दाहिने हाथ व पुत्री के माथा में चोट लगा है।



## खबर संक्षेप



### प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर शाला परिवार में हर्ष

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्रभारी प्राचार्य आर के देवांगन का प्राचार्य के रूप में पदोन्नत होने पर पूरे शाला परिवार ने बधाई दी। यह उपलब्धि उन्हें व्याख्याता बनने के 27 साल बाद प्राप्त हुई है। जो कि उनके समर्पण, कार्य कुशलता और उत्कृष्टता को प्रदर्शित करता है। इस पदोन्नति पर पूरा शाला परिवार गर्व महसूस कर रहा है। सभी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि काफी संघर्षों के बाद आपने धैर्य, ईमानदारी से खूबसूरत मुकाम प्राप्त किया है तथा इस पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू आदि उपस्थित थे।

### खेत विवाद में भाई-भाई भिड़े, मामला दर्ज

**बालोद।** खेत मे लगे फसल की कटाई कर रहे एक भाई की उसके दूसरे भाई के परिवार के लोग आकर धान कटाई से मना करते हुए मारपीट कर दिये, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
ग्राम हीरापुर निवासी कुंजलाल साहू ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर का 4 बजे मेरे बडे भाई हेमन्त साहू, पत्नि ललिता बाई, भाभी फुलेश्वरी साहू तथा मजदूर लखन लाल साहू के साथ भरएँखार(प्यारे वाले मनझोलन) खेत हीरापुर में हार्वेस्टर से धान कटाई का काम कर रहे थे, उसी समय मेरा भाई बडा चन्द्र प्रकाश साहू, भाभी कमलेश बाई साहू, भतीजा होनिल साहू, उमाशंकर साहू चारो खेत में आये और उस खेत को मेरा खेत है बोलने लगे और सभी लोग गाली गलौज देते हुए हाथ में रखे डण्डे से मुझे तथा मेरे बडे भाई हेमन्त साहू को मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे दाहिने कान, सिर में चोट आया है तथा मेरे बडे भाई हेमन्त साहू के दाहिने भुजा एवं कमर में चोट आया है। घटना मे मजदूर लखन लाल साहू तथा मेरी पत्नि ललिता बाई, भाभी फुलेश्वरी साहू ने बीच बचाव किये है।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में 132 करोड़ का भुगतान

**बालोद।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत अब तक जिले के कुल 18 हजार 312 किसानों को 132 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का शुद्ध भुगतान कर दिया गया है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत 15 नवंबर 2025 को प्रारंभ हुई धान खरीदी से 28 नवंबर 2025 तक के जिले के 18 हजार 312 किसानों से कुल 08 लाख 01 हजार 636 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें जिले के 18 हजार 312 किसानों से 02 लाख 34 हजार 290 क्विंटल मोटा धान, 03 लाख 71 हजार 654 क्विंटल पतला धान, 01 लाख 95 हजार 690 क्विंटल सरना धान की खरीदी की गई है। इस तरह जिले के कुल 18 हजार 312 किसानों को कुल 132 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का शुद्ध भुगतान कर दिया गया है।

## निधन

### पुरईन बाई साहू



**गुरूर।** ग्राम बोड़रा निवासी पुरईन बाई साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे शिवकुमार साहू, गणेश राम साहू, रमेश कुमार साहू की मां व ईदन बाई साहू की सास थी।

**निर्देश :** नोडल अधिकारियों को अप्रारंभ आवास तुरंत शुरू करने और लंबित आवासों की समीक्षा के निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्माण गति और पारदर्शिता पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत बालोद में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवासों एवं निर्माणाधीन लंबित आवासों की प्रगति के संबंध मे योजनांतर्गत नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक आवास एवं मनरेगा, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता एवं आवास निर्माण से जुड़े सभी अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में नवीन स्वीकृत अप्रारम्भ आवासों एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नित अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को तत्काल प्रारंभ कराने तथा लंबित आवासों में निर्माण गति तेज करने पर विशेष जोर दिया। तकनीकी सहायकों एवं अन्य अमलों को निर्देशित किया गया कि वे आवंटित ग्राम पंचायतों में नियमित भ्रमण कर हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा निर्माण कार्यों मे आ रहे समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही, हितग्राहियों को निर्माण कार्य में गति लाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये।



#### आवास को पूर्ण करने का समय 90 दिवस निर्धारित

योजना के पारदर्शिता के लिए क्यूआर कोड पंचायत मे चस्पा करेंगे। आरसेटी ट्रेनिंग के लिए कम से कम 35 मेसन एक पंचायत मे व्यवस्था कर लेवे। आवास को पूर्ण करने का समय 90 दिवस निर्धारित है जिसमे प्रत्येक हमवजह और समय के साथ उक्त 90 दिवस समय पर करेंगे। पुराने वित्तीय वर्ष 16–24 के आवासो को पूर्ण करने की अवधि 26 जनवरी निर्धारित है। नए वित्तीय वर्ष 25–26 के अप्रारम्भ आवास को प्रगति लाकर छत पूर्ण करने की अवधि 26 जनवरी निर्धारित है। जंहा ज्यादा अप्रारम्भ है आवास चौपाल लगाना है साथ मे नियमित भ्रमण हेतु उनके द्वारा सुबह से विजिट मे रहेंगे तो सभी फील्ड स्तर के अमले कॉल रिसीव एवं अन्य योजना बनाकर पंचायत के आस पास ही रहेंगे या योजना बनेगा तो फील्ड के लिए जनपद को सुचना देंगे।

#### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाना अनिवार्य

अतिरिक्त निर्देश दिया है कि प्रत्येक आवास मे रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाना है, जहां गंदा पानी गली मे बह रहा है वहां के पानी को व्यवस्थित करने के लिए सोकपीट बनाना है। प्रत्येक पंचायत मे दो ऐसे हितग्राही सेलेक्ट करना है जिनके यंहा आवास का एरिया 267 स्क्वायर फ़ीट यानि आवास के गाइड लाइन आधार पर बना हो और अत्यंत गरीब स्तर का हो उसको पीएम सूर्य घर हेतु चिन्हकित करना है जिसमे विधवा, परित्यकता, एकल महिला पुरुष, दिव्यांग परिवार का चयन करेंगे। प्रत्येक आवास का जीओटैग रोजगार सहायक सुनिश्चित करेंगे।

# किसानों ने की एग्रीटेक पोर्टल समय सीमा बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

#### बी1 नक्शा, नाम और रकबा में त्रुटि के कारण किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



■ सैकड़ों किसानों ने ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा, जल्द कार्रवाई की अपील

विकास खण्ड गुण्डरदेही सहित जिले भर के किसानों ने धान बिक्री हेतु एग्रीटेक पोर्टल में नाम जुड़वाने व इसको सत्यापित करने की समय सीमा मे वृद्धि की मांग के करते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार गुण्डरदेही को सौपा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे मांग किए है कि बी 1 नक्शा खसरा में त्रुटि, नाम के उच्चारण लिखावट मे अंतर, बी 1 से रकबा गायब रहने सहित भारी मात्र में त्रुटि के कारण किसान तहसील में आवेदन, पटवारी से निवेदन के बाद भी किसान भटक रहे है और उनका नाम यूएफआर में संसोधन के लिए जुड़ नहीं पाया।

ऐसे मामले जिलों में हजारों की संख्या में है, वही प्रदेश भर में लाखों की संख्या है प्रदेश में मुख्यमंत्री किसानों की धान खरीदना चाहते है, लेकिन प्रशाशनिक उदासीनता के चलते वे धान बेचने से वंचित हो रहे है, जबकि पिछले कई वर्षों से यहीं पंजीकृत किसान धान बेच रहे थे, इन्ही सब कारणों से किसान एग्रीटेक व यूएफआर पोर्टल में नाम जोड़ने की समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे है, लेकिन प्रदेश व जिला प्रशासन की तरफ से अब तक कोई पहल नहीं की गई है, जो की काफ़ी चिंता जनक है, ऐसे मे किसानों को अपना धान औने पौने दाम मे बेचने मजबूर होना पड़ेगा।

**इन्होंने दिया ज्ञापन-** ज्ञापन देने वालो मे सतीश साहू, हरीश सोनकर, अर्जुन साहू, टीकाराम, सुरेश कुमार, नम्मूराम, कुणाल कुमार, हेमलाल, दयाराम, प्रीतम कुमार, छन्नू निषाद, मनीष पटेल, कार्तिक राम सहित सैकड़ो की संख्या में किसानों ने अपनी बात प्रसाशनिक अधिकारियो तक पहुंचाई है।



# शैलदेवी कॉलेज में लगा आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ "आनंद मेला" का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे द्वारा किया गया। आनंद मेला जैसे सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक आयोजनों से विद्यार्थियों में सौहार्द, सहभागिता, आपसी सामंजस्य और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस आनंद मेला" में महाविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी चिला, फरा, चौसेला, अईरसा, खुरमी सहित पारंपरिक भारतीय पकवानों की आकर्षक विविधता ने आगंतुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम परिसर पूरे दिन उल्लास, संगीत, सांस्कृतिक और विद्यार्थियों की नवाचारपूर्ण प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और आगंतुकों की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बनाते हुए इसकी सार्थकता सिद्ध किया।

# दिसंबर में होगी भव्य सतनाम शोभा यात्रा, समाज प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री साय को सौंपा आमंत्रण

#### बाबा गुरु घासीदास जयंती पर हर वर्ष निकलती है भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ समाजिक एकता, भाईचारे और 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है उद्देश्य

सतनाम संदेश शोभा यात्रा एवं समाजिक सम्मेलन के लिए आमंत्रण देने मुख्यमंत्री से जिला सतनामी बालोद के पदाधिकारी मिले। समाज के मार्ग दर्शक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक के नेतृत्व में जिला सतनामी समाज बालोद के पदाधिकारी मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय से मुलाकात किए, प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रति वर्ष दिसम्बर माह में संत बाबा गुरु घासी दास जयंती के पावन अवसर पर जिला सतनामी समाज बालोद द्वारा सतनाम संदेश शोभा यात्र का आयोजन किया जाता हैं। जिसमें हजारों की संख्या में समाजिक जन शामिल होते हैं।

इस वर्ष भी दिसंबर माह मे सतनाम संदेश शोभा यात्र एंव समाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाजिक एकजुटता के साथ रहना और रीति नीति का पालन कर समाज को आगे बढ़ाना साथ ही बाबा जी के संदेश महान मनखे मनखे एक समान को जन मानस में पहुंचाना और आपसी भाईचारे के साथ मिल जुल कर रहना।

मुख्यमंत्री सहजता से समाज की बातों को सुना और सतनाम संदेश शोभा यात्रा एवं समाजिक सम्मेलन में आने की बात की समाजिक प्रतिनिधि में जिलाध्यक्ष संजय बारले, जिला संरक्षक पवन जोशी, जिला संरक्षक असवन बारले, जिला महासचिव संजय जोशी, अध्यक्ष तहसील गुण्डरदेही नीलकंठ टंडन उपस्थित थे।

# संजयनगर में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संजयनगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संविधान की उद्देशिका का शपथ दिलाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर समस्त स्टाफ एवम विद्यार्थियों द्वारा संविधान निर्माताओं को याद करते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। ठाकुर सर द्वारा संविधान की महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की। व्याख्याता डी आर साहू ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी से विद्यार्थियों को परिचय कराया। व्याख्याता एस वैदे ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान से





अवगत कराया। व्याख्याता छाया नंदा ने संविधान के द्वारा महिलाओं को दिए गए अधिकारों की जानकारी दी। संविधान दिवस के अवसर सहायक शिक्षक हेमंत साहू और कपिल पटेल के निर्देशन में निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे निबंध में आयुषी प्रथम, यामिनी द्वितीय, भाषण में गीतांजलि प्रथम, चेष्टा द्वितीय, चित्रकला में हेमा रावटे प्रथम, मानसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए।समस्त कार्यक्रम का संचालन हेमंत साहू के द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए व्याख्याता डुप्ले साहू ने समस्त विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार एवम कर्तव्यों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में व्याख्याता आर एस देशमुख, व्याख्याता बीरेंद्र नायक, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी निधि, ईश्वरी ठाकुर, नीलम भेड़िया, श्वेता बंजारे लालकृष्ण, समीर , ओमन , भावना, एवम समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

#### तिलखैरी में मना संविधान दिवस



**अंडा।** ग्राम पंचायत तिलखैरी में मितानीन बहनों का साल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिलखैरी के सरपंच सूर्यकांत साहू,उपसरपंच कांती साहू,राधा कोमल निषाद, महेश्वरी देशमुख तारन साहू, योगीराज पंच एवं सचिव अश्वनी साहू द्वारा किया गया, भारतीय संविधान दिवस मनाया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच सुर्यकांत साहू ने कहा कि भारत हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाता है, ताकि हमारे संविधान के गठन और उन नेताओं के योगदान का सम्मान किया जा सके जिन्होंने इसे बनाया। संविधान दिवस को संविधान दिवस भी कहा जाता है, यह दिन भारत के उपनिवेशवादी कानून व्यवस्था से अपनी स्वयं की शासन व्यवस्था की ओर बदलाव का प्रतीक है। यह दिन भारत की लोकतंत्र, न्याय और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और नागरिकों को संविधान में लिखे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

### बाधाओं को दूर कर जल्द करें पदोन्नति : शर्मा



**बालोद।** शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने मांग किया है कि लेक्चरर प्रमोशन में कोई देर न हो। लेक्चरर पदोन्नति भी लंबित है, बाधा दूर कर जल्द पदोन्नति करे, प्राचार्य प्रमोशन के रिक्त शेष पदों पर पदोन्नति से वंचित और दिव्यांग आरक्षण हेतु शीघ्र रिव्यू डीपीसी सम्पन्न हो।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा के जीवन-संघर्ष पर हुई

# मंगचुवा महाविद्यालय में मनी बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती


हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल ग्राम मंगचुवा स्थित शहीद गैंदसिंह महाविद्यालय में भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार धरती आंबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय हल्वा समाज महासभा के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला थे। विशेष अतिथि महामंत्री गिरवर सिंह ठाकुर, जनभागीदारी अध्यक्ष पूनम चंद जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ, अमृता एस कस्तूरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोद सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष टीकम पिपरिया, उपाध्यक्ष मोइनखान, मीडिया प्रभारी बोधन भट्ट, मनीष साहू, नेमन साहू थे। अतिथियों ने माता सरस्वती व भगवान बिरसा मुंडा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा



अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेंद्र माहला ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से बहुत ही कम उम्र में आदिवासी समाज का नेतृत्व करते हुए बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। वे कई अस्त्र शस्त्र चलाने में निपुण थे। इसलिए उन्हें भगवान भी कहा जाता है। समाज उन्हीं के मार्गदर्शन पर आज आगे बढ़ रहा है। माहला ने आगे बताया कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरवर ठाकुर ने कहा कि हम सबको एक होकर आगे बढ़ना होगा तभी आदिवासी समाज सुरक्षित और संवर्धित होगा। उन्होंने शहीद गैंद सिंह के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष टीकम पिपरिया ने कहा कि आदिवासी समाज देश का गौरव है, हमेशा से आदिवासी समाज उपेक्षित रहा है लेकिन अब वक्त बदल गया है और बहुत तेजी के साथ यह समाज विकसित हो रहा है। प्राचार्य डॉ कस्तूरे ने कॉलेज के गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि यह कॉलेज शहीद गैंदसिंह नायक के नाम पर है और हमारा पूरा कॉलेज उन्हें अपना नायक मानता है। आदिवासी संस्कृति के अलावा देश की संस्कृति एवं परंपरा को बच्चों तक पहुंचाने का काम यह कॉलेज लगातार प्रयास कर रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411